# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

प्रश्न संख्या [क्र 2577 ]

परियोजना कार्यान्वयन ईकाई : डी–81, गोविन्दपुरी, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर (म. प्र.)–474011

# National Highways Authority of India

(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

Project Implementation Unit : D-81, Govindpuri, Sachin Tendulkar Marg, Gwalior (M.P.)-474011
फोन/Phone : 0751-2231485, ई–मेल/E-mail : gwalior@nhai.org; nhaigwalior@gmail.com

सत्यमेव जयते

BHARATMALA
ROAD TO PROSPERITY

NHAI/11054/1/Vidhan Sabha/2025/ 16040 Date : 17.07.2025

प्रति,

**मुख्य अभियंता,**
म.प्र. लोक निर्माण विभाग,
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, अरेरा हिल्स,
**भोपाल (म.प्र.)**

**विषय : फ्लाईओवर निर्माण के संबंध में (तारांकित प्रश्न कमांक – 2577) मा0 सदस्य विधानसभा श्री दिनेश गुर्जर**

**संदर्भ** : आपका ई–मेल दिनॉक 16.07.2025

महोदय,

कृपया विषयगत प्रकरण में अपने ई–मेल दिनॉक 16.07.2025 का संदर्भ ग्रहण करें जोकि **श्री दिनेश गुर्जर मा0 सदस्य विधानसभा के द्वारा तारांकित प्रश्न कमांक – 2577** के द्वारा मा0 लोक निर्माण मंत्री से निम्न सूचना मॉगी गयी है। तदानुसार मा0 विधान सभा सदस्य द्वारा चाही गयी जानकारी निम्नवत हैः–

| तारांकित कमॉक | तरांकित प्रश्न | जवाब |
|---|---|---|
| 2577 | क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेगें कि – (क) क्या सरकार को बानमोर नगर परिषद चौराहे जोकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, पर अत्यधिक ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या की जानकारी है? यदि हॉ, तो इस सबंध में अबतक राज्य सरकार द्वारा कौन से प्रयास किए गए हैं? क्या राज्य सरकार ने बानमोर चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है? यदि हॉ, तो उसकी स्थिति एवं विवरण प्रस्तुत किया जाए। (ग) क्या राज्य सरकार बानमोर नगर परिषद चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक दबाव को देखते हुए फ्लाईओवर निर्माण हेतु NHAI से शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पत्राचार कर रही है या करने जा रही है? यदि हॉ, तो संबंधित पत्राचार की जानकारी दी जाए। (घ) जबतक NHAI द्वारा बानमोर चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता, तब तक वहॉ ट्रैफिक प्रबंधन एवं नागरिकों को राहत देने हेतु क्या राज्य सरकार द्वारा तात्कालिक वैकल्पिक उपाए किए जा रहे हैं? | इस संबंध में विदित किया जाता है कि आगरा–ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग–44 पर ट्रैफिक की सघनता को ध्यान में रखते हुये 6–लेन आगरा–ग्वालियर ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसका डी.पी.आर कार्य पूर्ण होने के साथ–साथ परियोजना को यूनियन कैबिनेट द्वारा अप्रूव किया जा चुका है एवं केंद्र सरकार की अनुमति भी प्राप्त हो चुकी है। उक्त 6–लेन के निर्माण कार्य हेतु एजेन्सी चयन कर कार्य को अवार्ड किया जा चुका है। 6–लेन आगरा–ग्वालियर ग्रीनफील्ड हाईवे निर्माण के पश्चात भारी वाहनों का आवागमन इससे शुरू हो जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान आगरा–ग्वालियर 4–लेन का सुदृणीकरण कार्य के साथ–साथ सर्विस रोड़ का भी मरम्मत/निर्माण कार्य एवं सड़क सुरक्षात्मक कार्य भी समानांतररूप से किये जाना प्रस्तावित है जिसमें बानमोर भी शामिल है।<br><br>इसके अतिरिक्त भारी यातायात को नियंत्रित करने हेतु इंसीडेंट मैनेजमेंट के तहत पेट्रोलिंग टीम कार्यरत है तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।<br><br>इस तरह प्रस्तावित 6–लेन आगरा–ग्वालियर ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण के पश्चात भारी वाहनों का आवागमन इससे होने से बानमोर से भारी वाहनों का आवागमन कम हो जाएगा तथा वर्तमान आगरा–ग्वालियर 4–लेन का सुदृणीकरण एवं सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य होने से बानमोर में जाम की स्थिति एवं दुर्घटना की संभावनऐं नियंत्रित हो जाऐंगी। इसके बाद बानमोर में फ्लाईओवर एवं फुटओवर ब्रिज निर्माण की आवश्यकता प्रतीत नही होती है। |

आपके सादर सूचनार्थ प्रेषित।

परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा, प.का.ई, ग्वालियर (म.प्र.)

प्रतिलिपि–
क्षेत्रीय अधिकारी/मुख्यमहाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय – म.प्र. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, ई–6/47, स्मृति परिसर अरेरा कॉलोनी, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग